मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 266 ■ बुधवार, 15 जनवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**स्टार किड्स से राशा थदानी की तुलना**

# अपराधियों पर रहेगी तीसरी नजर

## उल्हासनगर में लगेंगे 260 सीसीटीवी कैमरे

- संवेदनशील इलाकों पर रहेगी नजर
- अपराध और यातायात उल्लंघन करने वालों पर लगेगा अंकुश







**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार के गृह विभाग ने 5 जनवरी 2024 को जारी जीआर में सुरक्षा कारणों से ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत कुल 5 पुलिस परिमंडल में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया है। इसमें से 260 सीसीटीवी कैमरों से उल्हासनगर में नजर रखी जाएगी और इन कैमरों का नियंत्रण कक्ष महानगरपालिका मुख्यालय में होगा। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने दी।

पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि पुलिस परिमंडल-4 में उल्हासनगर, मध्यवर्ती, विठ्ठलवाड़ी, हिललाइन, अंबरनाथ, शिवाजी नगर, बदलापुर पूर्व और बदलापुर पश्चिम के 8 पुलिस स्टेशन शामिल हैं। इनमें कुल 640 सीसीटीवी लगाने की योजना है. इनमें से उल्हासनगर के 4 पुलिस स्टेशनों की सीमा में 260 सीसीटीवी कैमरे और अंबरनाथ व बदलापुर में 150-150 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। शहर के संवेदनशील इलाकों में हर मुख्य चौराहे पर कैमरे लगाने के लिए पोल लगाने के लिए खुदाई करनी होगी। वायरलेस के पुलिस इंस्पेक्टर मिलिंद बिरारे ने इसकी अनुमति लेने के लिए प्रभारी आयुक्त जमीर लेंगरेकर से मुलाकात की है। पोल लगने के बाद पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, प्रभारी आयुक्त जमीर लेंगरेकर की निगरानी में शहर में 260 सीसीटीवी लगाए जाएंगे। लेंगरेकर, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, इंजीनियर तरुण शेवकानी और सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली शामिल होंगे। संवेदनशील क्षेत्रों, अपराधों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और विभिन्न विवादास्पद घटनाओं पर नजर रखने के लिए कैमरे 24 घंटे चालू रहेंगे।

पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने स्पष्ट किया कि मनपा मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में पुलिस सक्रिय रहेगी तथा यदि कोई विवादास्पद घटना सीसीटीवी में कैद होती है तो पुलिस तंत्र तुरंत एक्शन मोड में आ जाएगा।

## चोपड़ा कोर्ट में कैदी को गांजा पहुंचाने का प्रयास



- कोर्ट की खिड़की से कूदकर भाग गया आरोपी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कोर्ट में सुनवाई के लिए पेश किए गए आरोपी हर्षद साकट को चप्पल के बॉक्स के जरिए गांजा सप्लाई करने की कोशिश की गई। पुलिस की सतर्कता के कारण इस घटना का खुलासा हुआ। हालांकि, मारिजुआना (गांजा) की आपूर्ति करने वाला अज्ञात व्यक्ति न्यायालय की पहली मंजिल पर स्थित सीमेंट की खिड़की से कूदकर भाग गया। इस घटना ने न्यायालय की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा में हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार आरोपी हर्षद साकट को सोमवार को सुनवाई के लिए उल्हासनगर अदालत में पेश किया गया। सुनवाई समाप्त होने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने हर्षद को चप्पलों का एक डिब्बा दिया। जैसे ही पुलिस को घटना का पता चला, उन्होंने तुरंत जूते के डिब्बे की जांच की, तो चप्पल में छिपाकर रखा गया 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

मारिजुआना मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति को गिरफ्तार करने की कोशिश की। लेकिन उसने न्यायालय की पहली मंजिल पर स्थित सीमेंट की खिड़की तोड़ दी और वहां से कूदकर भाग निकला। इस घटना से अदालत में मौजूद पुलिस अधिकारी और नागरिक स्तब्ध रह गए। इस मामले में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। इस घटना के बाद कोर्ट की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। अज्ञात फरार व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं तथा अदालत की सुरक्षा में हुई चूक को दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने भी जवाब दिया है कि आरोपी हर्षद साकट के संपर्क में आए लोगों से पूछताछ कर मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश करने का प्रयास जारी है।

## उल्हासनगर में चेन स्नेचरों का आतंक

- महिला ने आधी चेन बचाई
- महिलाओं को किया जाता टारगेट
- विठ्ठलवाडी पुलिस क्षेत्र में घटी घटना



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में चेन स्नेचरों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन यह लुटेरे अपनी तेज रफ्तार धूम स्टाईल बाईक से आते हैं और महिलाओं के गले से चेन अथवा मंगलसूत्र लूटकर भाग जाते हैं। ऐसी ही एक घटना में जहां अज्ञात बाइक सवार ने एक महिला के गले से डेढ़ तोला सोने का हार चुरा लिया. उल्हासनगर कैंप 4 के विनस चौक इलाके में जब रंजना तानाजी रणदिवे अपने रिश्तेदार की बेटी के ओटी भराई समारोह के लिए पैदल जा रही थीं, तभी उनकी राह देख रहे दो अज्ञात बाइक सवारों ने उनके गले से सोने का हार खींचने की छीनी महिला ने चेन को पकड़ लिया जिस कारण आधा हिस्सा चेन का महिला के हाथ आ गया और आधा हिस्सा लुटेरे लूटने में सफल हुए। इस मामले में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस चोरों की तलाश कर रही है.

## पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले दोस्त की हत्या




- सिर में हथौड़ा मारकर मार डाला

**बदलापुर.** बदलापुर में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त की पत्नी के साथ बलात्कार किया। उसने उसे धमकी दी कि अगर उसने घटना के बारे में अपने पति को बताया तो वह उसे जान से मार देगा। हालांकि, बार-बार के अत्याचार से परेशान पत्नी ने अपने पति को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पति ने अपने दोस्त के सिर पर हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी और ऐसा दिखावा किया कि वह बाथरूम में गिरकर मर गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह सब खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी को हथकड़ी लगा दी।

शिरगांव इलाके में रहने वाले नरेश और सुशांत अच्छे दोस्त थे। सुशांत ने नरेश की पत्नी का यौन उत्पीड़न किया और उसे धमकी दी कि अगर उसने उसे बताया तो वह उसके पति को जान से मार देगा। इसके बाद वह उसे बार-बार धमकाता रहा और उसका यौन उत्पीड़न करता रहा। आखिरकार पत्नी ने हिम्मत जुटाई और नरेश को सुशांत की हरकतों के बारे में बताया।

नरेश ने 10 जनवरी को सुशांत को घर बुलाया। उन दोनों ने शराब पी। उस रात सुशांत नरेश के घर पर रुका। भोर होते ही नरेश ने सुशांत के सिर पर हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। नरेश ने दुर्घटना का झूठा दावा किया और पुलिस को बताया कि सुशांत के सिर में चोट लगी थी और अत्यधिक शराब पीने के कारण बाथरूम जाने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुरू में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि सुशांत की मौत सिर पर किसी भारी चीज से वार करने के कारण हुई। इसके बाद पुलिस ने नरेश को गिरफ्तार किया तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

**कल्याण, नवी मुंबई, डोंबिवली में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले**

## 2 मोटरसाइकिल चोर उल्हासनगर से गिरफ्तार




**कल्याण.** मानपाड़ा पुलिस ने उल्हासनगर से दो चोरों को गिरफ्तार किया है जो कल्याण, डोंबिवली और नवी मुंबई इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी में शामिल थे। इन चोरों ने 4 अपराध कबूल किये हैं। पुलिस जांच कर रही है कि क्या उन्होंने अन्य शहरों में भी ऐसी ही चोरी की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार चोरों के नाम ऋतिक बाविस्कर (19) और कुणाल नायडू (19) हैं। पुलिस ने इन दोनों चोरों द्वारा चुराई गई 2.70 लाख रुपये कीमत की 4 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

डोंबिवली और कल्याण इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सार्वजनिक सड़कों और घरों के सामने से रात के समय दोपहिया वाहन चोरी होने की संख्या में वृद्धि हुई है। इन बढ़ती शिकायतों से पुलिस परेशान थी।

पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने मानपाड़ा पुलिस को इन मोटरसाइकिल चोरों का पता लगाने का आदेश दिया था। इस उद्देश्य के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश जारी किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे और मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस दल कुछ दिनों से मोटरसाइकिल चोरों की तलाश कर रहा था। मोटरसाइकिल चोरी की घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर दो पुलिस युवक ऐसा करते नजर आए। पुलिस को यकीन हो गया कि यह युवक उल्हासनगर का रहने वाला है। पुलिस ने जाल बिछाकर उसे उल्हासनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस निरीक्षक राम चोपड़े, जयपालसिंह गिरासे, दत्तात्रय गुंड, सहायक पुलिस निरीक्षक संपत फडोल, महेश रालेभट, कांस्टेबल सुनील पवार, संजू मसल, विकास माली, शिरीष पाटिल और नाना चव्हाण की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

## अतिक्रमण विभाग के 10 कर्मचारियों का स्वच्छता विभाग में तबादला

- अंबरनाथ नपा के 62 कर्मचारियों का अंतर्गत तबादला

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद में मुख्याधिकारी ने अंतर्गत 62 कर्मचारियों का तबादला कर दिए जाने से कर्मचारियों में खलबली मची हुई है. अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी परेशान हैं. उनका तबादला स्वास्थ्य विभाग में कर दिए जाने से अब वह सोच रहे हैं कि स्वच्छता का कार्य कैसे करें? जबकि वह रुबाब के साथ जीप में बैठकर फेरीवालों को हटाने अथवा हथौड़ा लेकर अतिक्रमण तोड़फोड़ के लिए जाते थे. अंबरनाथ नपा के विविध विभाग में कार्यरत 62 कर्मचारियों की विभाग अंतर्गत तबादला मुख्याधिकारी अभिषेक पराड ने किया है. अतिक्रमण विभाग के 20 में से 18 कर्मचारियों का तबादला हुआ है. 10 कर्मचारियों को स्वच्छता विभाग में सफाई कर्मचारी के तौर पर बदली हुई है. अंबरनाथ नगर परिषद में विभाग प्रमुखों के विभाग एक महिना पूर्व बदल दिए गए हैं. इसके बाद कई वर्षों से एक ही विभाग में कब्जा जमाए कर्मचारियों की बदली करने से कुछ कर्मचारी खुश हैं, तो कुछ ने मुंह लटका दिया है. जिन 18 अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों का तबादला हुआ है, उनकी भरती स्वच्छता विभाग में सफाई कर्मचारी के रूप में हुई थी. कर विभाग के चार, नगर रचना और लेखा विभाग का एक - एक कर्मचारी भी अब शहर की स्वच्छता पर ध्यान देगा.

## अंबरनाथ में 2 किलो गांजा बरामद

- वांगणी निवासी आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने की छापेमारी
- अंबरनाथ-उल्हासनगर में नशीले पदार्थ का कारोबार जोरों पर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की टीम ने एक सफल नशा विरोधी अभियान के तहत 14 हजार मूल्य के 2 किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ठाणे शहर पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में बड़े पैमाने पर नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान पुलिस नाईक हेमंत पाटिल को अपने गुप्त मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति अंबरनाथ पश्चिम में बंद डीएमसी कंपनी के पीछे गांजा बेचने के इरादे से आने वाला है। इस सूचना के आधार पर अपराध जांच टीम ने तत्काल संबंधित स्थान पर छापा मारा। छापेमार में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम मनोज रामप्रसाद यादव है और वह वांगनी में रहता है। उसके पास से दो किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त गांजे की कीमत 14,000 रुपये है। उक्त कार्रवाई ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे, किशोर शिंदे, काजारी, पुलिस उपनिरीक्षक कालदाते तथा अपराध जांच दल के पुलिस अधिकारी संजय चव्हाण, दत्ता जाधव, सचिन जाधव, हेमंत पाटिल, सूर्यवंशी, मुंढे और संजय जोशी इस ऑपरेशन में शामिल थे।

## उल्हासनगर में धूमधाम से मनी लाल लोई

- हर नुक्कड़ पर मनाई गई लाल लोई
- पूर्व नगरसेवकों ने भी किया जगह-जगह आयोजन
- पूजा अर्चना के साथ डीजे का रहा शोर



**उल्हासनगर.** मकर संक्रांत से एक दिन पूर्व हर वर्ष पंजाबी द्वारा लोहड़ी का त्यौहार मनाते है उसी तरह उल्हासनगर में भी सिंधी समाज द्वारा लाल लोही का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सिंधी समुदाय के लोग इसलिए मानते हैं कि लाल लोई का मकसद पुरानी चीज़ों से छुटकारा पाना और तिरमूर के त्योहार की तैयारी करना होता है। तिरमूरी मकर संक्रांति का सिंधी नाम है. जिन जगहों पर सिंधी और पंजाबी एक साथ में रहते हैं, वहां संयुक्त लाल लोई/लोहड़ी उत्सव मनाए जाते हैं। उल्हासनगर शहर में भी हर चौराहे व नुक्कड़ पर लाल लोई मनाई गई मनपा चुनाव की हलचल को देखते हुए पूर्व नगरसेवकों ने भी इसका आयोजन किया था।

डीजे की धूनों पर लोग नाचते देखे गए और प्रसाद का आनंद लोगों ने लिया। आम तौर पर इस पर्व की रात्रि में किसी खुले स्थान में परिवार एवं आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बनाकर बैठते हैं तथा इस समय रेवड़ी, मूंगफली, लावा का प्रसाद बनाते हैं।

## नकली नोटों पर गांधी की फोटो प्रदर्शनकारियों के पैरों में

- राकांपा पवार गुट ने माफी मांगी
- नपा प्रवेश द्वार पर नकली नोट बिखरे गए

**बदलापुर.** राष्ट्रवादी शरद पवार गुट ने मंगलवार को बदलापुर नगरपालिका के खिलाफ विरोध मोर्चा निकाला। इस मोर्चा के दौरान नगर पालिका के प्रवेश द्वार पर प्रदर्शनकारियों ने नकली नोट बिखेरे थे। एनसीपी नेताओं ने कथित तौर पर इन नोटों पर महात्मा गांधी की तस्वीर छापी है। एनसीपी नेता और प्रदर्शनकारी इन नकली नोटों पर पैर रखकर खड़े थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान ये नोट हर जगह बिखर गए और पैरों तले रौंदे जा रहे थे। ये नोट एनसीपी के महाराष्ट्र राज्य सचिव हेमंत रुमाने और महाराष्ट्र प्रवक्ता महेश ठाकसे के पैरों के नीचे भी थे, जिन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया था। इस बीच, जैसे ही पत्रकारों ने इस गलती की ओर ध्यान दिलाया, एनसीपी नेताओं ने इसके लिए माफी मांग ली।

**रिक्शा चालक की मौत पर क्या पुलिस सरकारी अधिकारी पर अपराध दर्ज करेगी, अगर नहीं करेगी**

## तो मनसे करेगी आंदोलन



उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी सड़क के बीच विद्युत पोल से टकराकर एक रिक्शा चालक की मौत हो गई थी. सड़क के बीच से विद्युत पोल पांच वर्षों से सरकारी अधिकारियों ने नहीं हटाए हैं. इसलिए रिक्शा चालक आरिफ शेख की मौत के जिम्मेदार विद्युत विभाग, अंबरनाथ नपा एवं एमएमआरडीए के अधिकारी हैं. उन पर सदोष मनुष्य वध का अपराध दर्ज करने की मांग शहर पश्चिम के मनसे के विभाग प्रमुख विशाल गायकवाड़ ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन एवं तहसीलदार को निवेदन दिया था. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे को निवेदन देते समय विशाल ने मृतक रिक्शा चालक के तीन बच्चों के साथ में लेकर निवेदन देने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और विशाल को साथ में लेकर सड़क के बीच में लगे विद्युत पोल जिससे टकराकर आरिफ की मौत हो गई थी. वहां पर पंचनामा किया है. अब इस बात की चर्चा है कि क्या अंबरनाथ पुलिस किसी सरकारी अधिकारी पर सदोष मनुष्य वध का अपराध दर्ज करेगी?

विशाल ने हमें बताया है कि अगर पुलिस ने अधिकारी पर अपराध दर्ज नहीं किया तो वह पुलिस के विरुद्ध अनशन पर बैठ जाएंगे. विदित हो कि जिस रिक्शा चालक की मौत हुई थी उसके तीन बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं. उनकी पढ़ाई का क्या होगा? मृतक की धर्मपत्नी भी है, जो कि बहुत गरीब है.

## उल्हासनगर में 11 क्षय रोगी पंजीकृत

- मनपा का 100 दिवसीय रोगी खोज अभियान

**उल्हासनगर.** शहर को क्षय रोग से मुक्त बनाने के लिए उल्हासनगर मनपा के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से 100 दिनों का रोगी पहचान अभियान चलाया है। इसके लिए एक हैंडहेल्ड मशीन का उपयोग करके रीढ़ की हड्डी के एक्स-रे के माध्यम से रोगियों का निदान किया जा रहा है। इस अभियान में डेढ़ माह में 11 क्षय रोगी मिले हैं। यह जानकारी क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यम गुप्ता ने दी। तत्कालीन आयुक्त विकास ढाकणे के निर्देशानुसार 7 दिसंबर से अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गवस, उपायुक्त डॉ. विजय खेड़कर, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने 100 दिवसीय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया है। इस अभियान के अंतर्गत क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यम गुप्ता, क्षय रोग विभाग की संगीता मगर, ममता कामरानी, डा. उत्कर्ष शिंदे, मंगला गायकवाड़, शुभांगी देवरे, अवंतिका फुंडे, रवींद्र भगत, पूजा गुंडेकर, राहुल खुरंगले आदि सभी नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर रहे हैं।

## मैंने कन्नी बांधा है और कइयों की पतंग को काटा है

- अरविंद वालेकर ने पतंग महोत्सव में व्यक्त किए उद्गार

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में मैंने गत 45 वर्षों से पतंग उड़ा रहा हूं. पतंग की कन्नी को बांधा है और कइयों की पतंग को काटा है. मेरे हाथों से उड़ी पतंग कटी नहीं है. हमने अनेकों की पतंग को काटा है. यह उद्गार शिवसेना शिंदे के पूर्व शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने युवा सेना द्वारा आयोजित पतंग फेस्टिवल में पतंग आसमान में उड़ाने के बाद पत्रकारों से कहा है.

पतंग उड़ाते समय उनकी पत्नी पूर्व नगराध्यक्षा मनिषा वालेकर धागे की रील अपने हाथों में थामे हुई थी. युवा सेवा के पदाधिकारी निखिल वालेकर ने बताया कि अंबरनाथ में पहली बार भव्य पैमाने पर युवा सेना द्वारा पतंग फेस्टिवल का आयोजन मकर संक्रांति त्यौहार पर मोहन सबर्बिया के पास बनाए गए नए सड़क पर आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं, बच्चों, महिलाओं ने भाग लिया है. शहर के आकाश में विविध प्रकार के पतंग उड़ाए गए लेकिन ांजे का उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया गया. महिलाएं भी पतंग उड़ाते देखी गई. वालेकर परिवार ने आसमान में ईगल पतंग को ऊपर तक उड़ाया, जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोग उपस्थित थे. वालेकर ने बताया कि वह जल्द ही कोंकण महोत्सव का आयोजन करने वाले हैं. विजय पवार, एड. संदीप भराडे, मिलिंद गान व पूर्व नगरसेवक युवा सेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## फर्जी खबरों का खतरा

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम संचालित करने वाली कंपनी मेटा के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग की इस गलतबयानी का खंडन करने के लिए जिस तरह आगे आना पड़ा कि 2024 में हुए चुनावों में भारत सहित कई देशों की सरकारें पराजित हो गईं, उससे यही पता चलता है कि सूचनाओं के सबसे बड़े प्लेटफार्म के संचालक ही किस तरह गलत जानकारियों से लैस हैं।

विडंबना यह है कि मार्क जुकरबर्ग ने इतनी बड़ी बात कहने के पहले तथ्य जांचने की कोशिश भी नहीं की। यह इसलिए कहीं अधिक चिंताजनक है, क्योंकि उन्होंने अपने प्लेटफार्मों से फैक्ट चेक का सिस्टम खत्म कर दिया है। आज जब सोशल मीडिया कही जाने वालीं इंटरनेट साइट्स पर फर्जी सूचनाओं की बाढ़ आई हुई है, तब मार्क जुकरबर्ग का तथ्यों की जांच-परख करने वाली व्यवस्था खत्म करना चिंता का कारण है।

उन्होंने फैक्ट चेक सिस्टम को खत्म कर कम्युनिटी नोट वाली व्यवस्था अपनाई है, लेकिन इसमें गलत सूचनाओं को पहचानने की जिम्मेदारी उपयोगकर्ताओं पर ही होती है। आज फर्जी खबरें, संदर्भ से काटे गए वीडियो और मनगढ़ंत आंकड़े पूरे विश्व के लिए समस्या बन गए हैं। फर्जी और अधकचरी खबरें न केवल वैमनस्य फैला रही हैं, बल्कि लोगों की राय प्रभावित करने और चुनावों पर असर डालने का भी काम कर रही हैं।

फर्जी खबरों के चलते कई देशों में दंगे और बड़े पैमाने पर हिंसा हो चुकी है। इस तथ्य से किसी भी सोशल नेटवर्क साइट्स के संचालक और खासकर मार्क जुकरबर्ग तो बिल्कुल भी अपरिचित नहीं हो सकते, क्योंकि कई बार यह सामने आ चुका है कि वाट्सएप और फेसबुक के जरिये फैलाई गईं फर्जी खबरें किस तरह हिंसा का कारण बनीं।

इसके बाद भी यदि मार्क जुकरबर्ग ने अमेरिका में फर्जी खबरों की पहचान करने वाली व्यवस्था खत्म कर दी तो यह साफ है कि वह निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आ गए। मार्क जुकरबर्ग का ट्रंप से झगड़ा किसी से छिपा नहीं है। वह फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाकर उन्हें फेसबुक पर प्रतिबंधित कर चुके हैं।

# दिल्ली के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति पर डालेंगे गहरा असर



चुनावी घोषणा के साथ ही दिल्ली में राजनीतिक तापमान तेजी से बढ़ गया है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी आप अपना मजबूत किला बचाने में जुटी है। दशकों से दिल्ली की सत्ता से बाहर भाजपा वापसी के पुरजोर प्रयास में लगी है। 1998 से 2013 तक लगातार तीन बार सत्ता में रही कांग्रेस यहां अपने वजूद को साबित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहती।

दिल्ली पर आप की पकड़ का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि पिछले दो चुनावों में जहां भाजपा दहाई अंकों में नहीं पहुंच पाई, वहीं कांग्रेस का तो खाता ही नहीं खुल सका। हालांकि इस बार परिदृश्य कुछ बदला हुआ है। आप पहली बार कुछ दबाव में और रक्षात्मक दिख रही है। दूसरी ओर, भाजपा और कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमीन को वापस हासिल करने में जुटी हैं।

दिल्ली में भाजपा और कांग्रेस दोनों यही साबित करने में लगी हैं कि आप का मुकाबला मुख्य रूप से उन्हीं के साथ है। कुछ सीटों पर बिछी चुनावी बिसात से ही मुकाबले की तपिश का अनुमान लगाया जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री और सीएम पद के दावेदार केजरीवाल के सामने नई दिल्ली सीट से कांग्रेस ने संदीप दीक्षित तो भाजपा ने प्रवेश वर्मा को उतारा है।

दोनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे होने के साथ ही संसद में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी के सामने भी कालकाजी से भाजपा ने रमेश बिधूड़ी तो कांग्रेस ने एक समय आप में रहीं अलका लांबा को चुनावी मैदान में उतारा है। कई सीटें ऐसे ही कांटे के मुकाबले में फंसी हैं।

आप के लिए दिल्ली का चुनावी रण बेहद महत्वपूर्ण है। उसकी राजनीतिक यात्रा यहीं से शुरू हुई। पहले चुनाव में उसने कांग्रेस के समर्थन के साथ कुछ समय सरकार भी चलाई। उसके बाद से उसने दिल्ली में पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार अपनी स्थिति मजबूत की। उसने गवर्नेंस का एक 'दिल्ली माडल' भी गढ़ा, जिसके दम पर देश के दूसरे हिस्सों में भी राजनीतिक पैठ बनाई, लेकिन अब उसके उसी माडल पर सवाल उठ रहे हैं।

यही कारण है कि आप का पूरा अमला दिल्ली में लंगर डाले हुए है। आप के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि दूसरे कार्यकाल में उसके खाते में पहले कार्यकाल जैसी उपलब्धियां नहीं, जो उसके लिए लगातार तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करें। मुफ्त बिजली-पानी आप के जनाधार के सबसे बड़े आधार रहे हैं और उसने पहले कार्यकाल में ही इसका खाका तैयार कर दिया था।

इसी तरह मोहल्ला क्लिनिक की संकल्पना को भी साकार किया तो शिक्षा व्यवस्था को सुधारना भी उसकी एक बड़ी उपलब्धि आंकी गई। चूंकि सरकार के पास रियायतों की एक सीमा होती है इसलिए इस मोर्चे पर आप दूसरे कार्यकाल में अपनी गाड़ी बिजली-पानी से आगे नहीं बढ़ा पाई। शिक्षा-स्वास्थ्य के मामले में भी कुछ खास नया नहीं हुआ। उलटे दूसरे कार्यकाल में पार्टी को भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझना पड़ा, जिसके चलते उसके कई शीर्ष नेताओं को एक लंबा समय जेल में गुजारना पड़ा।

आप के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री रहे दोनों दिग्गज नेता जमानत पर बाहर हैं। सरकारी फिजूलखर्ची के आरोपों से भी पार्टी की किरकिरी हुई है। आप को इस मामले में ज्यादा तल्खी इसीलिए झेलनी पड़ रही है, क्योंकि एक तो यह पार्टी भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की उपज है, दूसरे उसके नेताओं ने शुरुआत में कहा था कि वे आलीशान सरकारी सुविधाएं नहीं लेंगे, लेकिन अब मुख्यमंत्री आवास पर हुए भारी खर्चे को लेकर उसे आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

विरोधी दल इसे 'शीशमहल' की तरह पेश कर आप को उसी की पिच पर पटखनी देने में लगे हैं। दूसरी ओर, हरियाणा और महाराष्ट्र में जीत के बाद भाजपा नए उत्साह से लबरेज है। उसे दिल्ली में भी अपने लिए उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। हालांकि, महाराष्ट्र-हरियाणा के उलट दिल्ली में भाजपा के लिए स्थिति उतनी आसान नहीं, क्योंकि पार्टी यहां अपनी ताकत से अधिक विरोधी की कमजोरी के भरोसे बैठी है। उसे लगता है कि आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान और मजबूती से लड़ रही कांग्रेस द्वारा वोटों के विभाजन से उसकी राह आसान हो सकती है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आत्मा, प्रभु के प्रेम में लिप्त होने से अधिक और कुछ नहीं चाहती।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# करोड़ों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम का समूचा इलाका अब कुंभ मेले से गुलजार हो चुका है और पहले दिन वहां से लगभग डेढ़ करोड़ लोगों के स्नान करने की खबर आई। मेला स्थल के आसपास एक बड़े हिस्से में जितनी तादाद में तंबू लगाए गए हैं, उसमें इतनी बड़ी संख्या में लोगों के टिकने की व्यवस्था है, जो किसी शायद किसी छोटे देश की आबादी से भी ज्यादा हो। जाहिर है, इसके साथ ही सबसे बड़ी चुनौती और जिम्मेवारी सरकार के सामने है कि वह इस मेले में व्यवस्थागत इंतजामों के मोर्चे पर कितनी चौकस है और वहां पहुंचने वाले लोगों को कितनी सुविधा होती है।

यों, करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले कुंभ मेले को ज्यादा से ज्यादा सहज बनाने के लिए हर स्तर पर बेहतर व्यवस्था करने की जैसी खबरें आई हैं, उससे उम्मीद बंधती है कि इस बार साधु-संतों से लेकर श्रद्धालुओं तक को कोई दिक्कत नहीं होगी। फिर भी करोड़ों लोगों की मौजूदगी की वजह से जैसे हालात पैदा होंगे, उसमें सब कुछ को ठीक बनाए रखने के लिए हर स्तर पर बहुत ज्यादा चौकसी की जरूरत होगी।

इसके मद्देनजर इस बार सरकार ने न केवल प्रशासनिक स्तर पर भीड़ प्रबंधन को लेकर बेहतर तौर-तरीके आजमाने का दावा किया है, बल्कि लोगों की सुरक्षा और सेहत की देखभाल के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल भी हर जगह किया गया है। मसलन, पिछले कुछ समय से सुर्खियों में आई कृत्रिम मेधा यानी एआइ मेले की व्यवस्था को कई स्तर पर सहज और सुरक्षित बनाने में मददगार साबित हो रही है।

बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रबंधन के लिए एआइ से



लैस कैमरे, ड्रोन और मोबाइल ऐप से निगरानी का सहारा लिया जाएगा। इसके अलावा, प्रशासनिक चौकसी के बीच ड्रोन शो के साथ-साथ आभासी तकनीकी के जरिए गंगा आरती और दूसरे कार्यक्रमों को देखने की भी सुविधा है, ताकि अराजकता जैसी स्थिति न पैदा हो। कहा जा सकता है कि करोड़ों लोगों की कुंभ यात्रा को कामयाब बनाने के लिए सरकार और प्रशासन ने मोर्चा थामा हुआ है, मगर यह भी सच है कि आपात स्थिति का अंदाजा किसी को नहीं होता और पूर्व तैयारी की जरूरत इसीलिए होती है। यह जगजाहिर हकीकत रही है कि धार्मिक स्थलों पर किसी छोटी लापरवाही से कई बार जैसी अव्यवस्था उत्पन्न हो जाती है, उसका लोगों को बड़ा खमियाजा उठाना पड़ता है। इसलिए संसाधनों के व्यापक इंतजाम का सवाल एक ओर होता है और उनके ठीक समय पर कारगर तरीके से इस्तेमाल का मामला दूसरी ओर। इसी पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि सुरक्षा व्यवस्था किस हद तक उपयोगी साबित हुई। कुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान एक दुखद पहलू यह भी रहा है कि मेले में कई बार बच्चों के गुम होने और परिवार के लोगों के एक दूसरे से बिछड़ जाने की कई शिकायतें दर्ज की जाती हैं।

तमाम सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल का लाभ तभी है, जब किसी गंभीर समस्या के सामने आने पर उसका ठीक समय पर हल निकले। आम श्रद्धालु वहां संगम में डुबकी लगाने आते हैं और उनके साथ मेले को देखने से लेकर धर्म और आस्था से जुड़ी तमाम तरह की उम्मीदें होती हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि करोड़ों लोगों के जमावड़े से उत्पन्न स्थिति का प्रबंधन और कामयाबी से उसे संभाल ले जाना एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी है, मगर इस वर्ष कुंभ में हर मोर्चे पर जैसे इंतजाम किए गए हैं, उसमें उम्मीद की जा सकती है कि आस्था की डुबकी श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद अनुभव साबित होगी।

# गुजरात का एक गांव जहां पतंग उड़ाने पर लगता है जुर्माना

जरा हट के

गुजरात के बनासकांठा जिले के फतेपुरा गांव में मकर संक्रांति के मौके पर पतंग उड़ाने पर रोक लगाई गई है. ये नियम कई सालों से यहां का हिस्सा है, जिसे गांव के लोग पूरी ईमानदारी से मानते हैं. जहां पूरा राज्य इस त्योहार को पतंगबाजी और मस्ती के साथ मनाता है, वहीं इस गांव में यह परंपरा थोड़ी अलग है.

फतेपुरा गांव के लोगों का मानना है कि उनकी यह परंपरा गांव की सुख-शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. बुजुर्गों के अनुसार, कई साल पहले गांव में एक घटना हुई थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया था कि मकर संक्रांति पर पतंगबाजी नहीं होगी. तभी से यह परंपरा चली आ रही है.

### रोक का पालन न करने पर जुर्माना

गांव की इस परंपरा को बनाए रखने के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं. अगर कोई




व्यक्ति मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाते हुए पाया जाता है, तो उसे जुर्माना भरना पड़ता है. यह नियम न केवल बुजुर्गों बल्कि युवाओं द्वारा भी पूरी तरह से स्वीकार किया गया है.

फतेपुरा गांव का यह नियम उनके सामाजिक ताने-बाने और आपसी सहयोग को भी दर्शाता है. यहां के लोग इस परंपरा को अपने सांस्कृतिक पहचान के रूप में देखते हैं और इसे अपनी अगली पीढ़ी तक पहुंचाना चाहते हैं. गांव की यह परंपरा यह संदेश देती है कि त्योहार का असली आनंद एकता और सौहार्द में है. जहां पतंगबाजी से अक्सर हादसे और विवाद होते हैं, वहीं फतेपुरा का यह नियम शांति और अनुशासन का प्रतीक है. फतेपुरा गांव की यह परंपरा हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या अन्य जगहों पर भी इस तरह के नियम अपनाए जा सकते हैं.

# हार्ट ब्लॉकेज होने पर दिखते हैं ये लक्षण

**इन दिनों कम उम्र में ही लोगों को हार्ट से जुड़ी बीमारियां हो रही हैं। कई बार लोगों को जिम में वर्कआउट करते हुए, खेलते हुए या फिर डांस करते हुए हार्ट अटैक की समस्या हो जाती है। और कई बार हॉस्पिटल ले जाते हुए ही व्यक्ति की मौत हो जाती है। अगर किसी व्यक्ति के हार्ट में ब्लॉकेज है तो उन्हें हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है, इसलिए इसका समय पर पता लगाना जरूरी है। यहां हम हार्ट ब्लॉकेज होने पर शरीर में दिखने वाले लक्षणों के बारे में बता रहे हैं। आप भी जानिए-**



### ■ हार्ट ब्लॉकेज होने के लक्षण

### ■ सीने में बेचैनी

यह दिल संबंधित बीमारी के खतरे का सबसे कॉमन लक्षण है। अगर आपकी धमनी ब्लॉक हैं या आपको दिल का दौरा पड़ रहा है तो आपको सीने में दर्द, जकड़न या दबाव महसूस हो सकता है यह अहसास आमतौर पर कुछ मिनटों से ज्यादा समय तक रहता है। ऐसा तब हो सकता है जब आप आराम कर रहे हों या जब आप कोई शारीरिक काम कर रहे हों। हालांकि, रिपोर्ट्स ये भी कहती हैं कि सीने में दर्द के बिना भी आपको दिल संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### ■ चक्कर महसूस होना

ब्लॉकेज होने पर हार्ट संतुलन खो सकता है। जिसकी वजह से कई बार बेहोशी महसूस हो सकती है। वैसे ऐसा दूसरे कारण से भी महसूस हो सकता है। हालांकि अगर आप अचानक अस्थिरता महसूस करते हैं तो आपको सीने में तकलीफ या सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।

### ■ मतली, अपच, सीने में जलन या पेट दर्द

दिल का दौरा पड़ने पर कुछ लोगों मतली, अपच, सीने में जलन या पेट दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इस तरह के लक्षण होने की संभावना ज्यादा होती है। हालांकि, पेट कई कारणों से खराब हो सकता है जिनका दिल से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन आपको इस बात से सावधान रहने की जरूरत है कि यह दिल का दौरा पड़ने के दौरान भी हो सकता है। इसलिए अगर ऐसा महसूस हो तो दिल की समस्याओं का खतरा हो सकता है।

### ब्लॉकेज होने के कारण

हार्ट ब्लॉकेज एथेरोस्क्लेरोसिस के कारण होता है, ये एक ऐसी स्थिति जिसमें कोरोनरी धमनियों के अंदर प्लाक जमा हो जाता है, जिससे संकुचन होता है। इसकी वजह से ब्लड फ्लो कम हो जाता है। हार्ट ब्लॉकेज होने के कारण में-

- हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल
- हाई ब्लडप्रेशर
- स्मोकिंग
- डायबिटीज
- मोटापा
- खराब लाइफस्टाइल
- दिल से जुड़ी बीमारी की फैमिली हिस्ट्री

### ■ पसीना आना

बिना किसी कारण के ठंडा पसीना आना दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है। अगर किसी व्यक्ति के साथ ऐसा हो रहा है तो उन्हें तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

# बाजरे-गुड़ की मठरी

खाना-खजाना

**आज हम आपके लिए बाजरे की खस्ता, कुरकुरी मीठी मठरी जिसे बाजरे की टिक्की भी कहते हैं, उसकी रेसिपी ले कर आए हैं। ये बाजरा, तिल और गुड़ से बनाई जाती है। ये स्वाद में इतनी टेस्टी होती है कि यकीन मानिए इसके सामने आप बाजार के बिस्कुट खाना भी भूल जाएंगे। तो चलिए आज इसकी आसान सी रेसिपी जानते हैं।**

### सामग्री :

बाजरे और गुड़ की खस्ता, कुरकुरी मीठी मठरी बनाने के लिए आपको जिन चीजों की जरूरत होगी वो हैं - बाजरे का आटा (दो कप यानी लगभग 300 ग्राम), गुड़ (आधा कप), तिल (आधा कप यानी लगभग 60 ग्राम), तलने के लिए तेल।

### विधि :

बाजरे की मठरी बनाने के लिए सबसे पहले गुड़ की सिरप बनाकर तैयार करें। इसके लिए आधा कप पानी में आधा कप गुड़ डालें और गैस पर चढ़ा दें। जब गुड़ पानी में अच्छी तरह घुल जाए तो उसे गैस से उतार कर छान लें। अब टिक्की के लिए आटा लगाने की बारी आती है। एक बर्तन में बाजरे का आटा लें, उसमें गुड़ की सिरप मिलाएं और तिल भी एड करें। इन सभी को आपस में गूंथकर एक सॉफ्ट आटा लगाकर तैयार कर लें। थोड़े पानी की जरूरत हो तो मिला लें। ध्यान रखें कि आटे को लगभग पांच से सात मिनट के लिए अच्छी तरह गूंथे। इससे आटा अच्छी तरह तैयार हो जाएगा।



अब गैस पर एक कढ़ाई में तेल चढ़ाएं। तेल को मीडियम फ्लेम पर गर्म होने के लिए रख दें। अब आटे से एक छोटी ली बनाएं और हथेलियों से दबाते हुए पतली-पतली मठरी बनाकर तैयार कर लें। जितनी पतली मठरी होगी उतनी ही खस्ता और कुरकुरी भी बनेगी। तेल गर्म हो जाए तो इसमें टिक्कियां डालकर तल लें। दोनों साइड से अच्छी तरह गोल्डन ब्राउन होने दें। आपकी बाजरे की मठरी बनकर तैयार हैं। खट्टे मीठे फ्लेवर के लिए इन्हें आचार या चटनी के साथ सर्व करें।

# चेहरे की रंगत बढ़ाने के लिए गाजर असरकारक

### ■ दमकती स्किन का हर कोई पूछेगा सीक्रेट

गाजर सेहत के लिए काफी ज्यादा गुणकारी होती है। सर्दियों में इसका इस्तेमाल खूब किया जाता है। गाजर से टेस्टी स्वीट डिश और पराठे तैयार किए जा सकते हैं। इसके अलावा ये सलाद की रंगत भी खूब बढ़ाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सेहत के लिए



फायदेमंद गाजर स्किन के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है? जी हां, गाजर को चेहरे पर कई तरीकों से लगा सकते हैं। ये चेहरे को साफ करने के साथ ही ग्लोइंग बना सकती है। यहां हम गाजर से फेस पैक बनाने का तरीका बता रहे हैं। जानिए-

### ■ पहला फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए गाजर का रस, दही, और अंडे का सफेद हिस्सा। इस पैक को बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच गाजर का रस लें। इस रस के लिए गाजर को कद्दूकस करें और फिर इसे सूती कपड़े में रखकर अच्छे से निचोड़ लें। फिर दही और अंडे का सफेद हिस्सा इसमें मिलाएं और एक मुलायम पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने साफ चेहरे और गर्दन पर लगाएं। कम से कम 15 से 20 मिनट के लिए इसे फेस पैक को चेहरे पर लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

### ■ दूसरा फेस पैक

इस पैक को बनाने के लिए मसला हुआ गाजर, शहद और नींबू का रस चाहिए होगा। पैक को बनाने के लिए दो गाजरों को नरम होने तक प्रेशर कुक में पका लें। फिर उन्हें मैश करें और एक चम्मच शहद और आधा नींबू का रस मिल लें। अब साफ चेहरे पर इस फेस पैक की पतली परत लगाएं और इसे कुछ देर के लिए सूखने दें। अब अपने चेहरे को गीला करें और सर्कुलर मोशन में मसाज करते हुए मास्क को हटा दें। फिर थपथपाकर सुखाएं और मॉइस्चराइजर लगाएं। इस फेस पैक का इस्तेमाल हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

# खांसी-जुकाम होने पर सबसे पहले क्या करें?

**अक्सर लोगों में होती है कंफ्यूजन, एक्सपर्ट के बताए 5 नुस्खे आ सकते काम**

सर्दी का मौसम आते ही सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है. हालांकि, ठंड में ये समस्याएं होना आम है. इससे निजात पाने के लिए लोग अंग्रेजी दवाइयों का सेवन या डॉक्टर के पास जाते हैं. लेकिन, कई बार ये दवाएं नुकसानदायक भी साबित हो सकती हैं. ऐसे में आप चाहें तो कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं. इससे आप कुछ ही समय में राहत पा सकते हैं. अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर खांसी-जुकाम होने पर सबसे पहले क्या करें? सर्दी-खांसी में कौन से नुस्खे आ सकते काम? इस बारे में News18 को बता रहे हैं धनवंतरी क्लिनिक नोएडा के (इंटिग्रेटेड चिकित्सक) डॉ. संजय कुमार वार्ष्णेय-

### ■ सर्दी-खांसी होने पर सबसे पहले करें ये 5 उपाय

**तुलसी-अदरक की चाय:** अगर आपको सर्द जुकाम हो गई है तो आप इसे घर पर ही ठीक कर सकते हैं. आमतौर पर यह घरेलू इलाज से ही ठीक हो जाता है. घर पर किए उपायों से इससे आसानी से छूटकारा पाया जा सकता है. अगर आप भी सर्दी-खांसी से परेशान हैं तो तुलसी और अदरक डालकर चाय बनाएं. इससे खांसी जुकाम में तुरंत आराम मिलेगा.



**शहद-अदरक का रस:** एक्सपर्ट के मुताबिक, जुकाम-खांसी से राहत पाने के लिए शहद और अदरक का रस बेहद फायदेमंद होता है. अगर आपको भी सर्दी और खांसी की शिकायत है अदरक और शहद के रस को हल्का गर्म करके पीने से तुरंत आराम मिलता है.

**शहद-लौंग खाएं:** अगर आप भी खांसी या जुकाम से ग्रसित हैं तो लौंग और शहद का सेवन करें. लौंग को पीसकर शहद के साथ मिलाकर दिन में 2-3 बार खाने से खांसी में काफी राहत मिलती है. इससे खांसी जुकाम से छुटकारा मिलेगा. अगर नॉर्मल रहा तो आपको डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी.

**गर्म पानी के गरारे:** अगर सर्दी के साथ गले में जकड़न, कफ और खांसी हो रही है गरारे करने से बहुत फायदा मिलता है. इसके लिए नमक के पाने से गरारे जरूर करें. इससे गले में जमा कफ निकल जाएगा और गले के सूजन में आराम मिलेगा, इसलिए अगर आप भी सर्दी-जुकाम से ग्रसित हैं तो गरारे जरूर करें.

**स्टीम लेना:** सर्दी-खांसी में सबसे ज्यादा राहत भाप लेने से मिलती है. इससे बंद नाक खुल जाते हैं. सादा पानी की भाप लेने या ट्री ऑयल, यूकेलिप्टस ऑयल, लेमनग्रास ऑयल, लौंग का तेल डालकर भी भाप ली जा सकती है. इससे गले की खराश में बहुत आराम मिलेगा. अगर आपको भी सर्दी जुकाम की शिकायत होती है तो ये घरेलू उपाय जरूर अपनाएं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। सुकून रहेगा।

**वृषभ** : पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है।

**मिथुन** : स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी।

**कर्क** : आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

**सिंह** : नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

**कन्या** : नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**तुला** : निवेश शुभ रहेगा। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**वृश्चिक** : आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे।

**धनु** : पुराना धन बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नौकरीपेशा को अचानक ससुराल पक्ष से धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

**मकर** : सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कुंभ** : पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन** : कारोबार-व्यवसाय आज ठीक चलेगा। किसी कार्य में मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। घरेलू मामलों में क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### नवविवाहिता की फंदे से लटका मिला शव, ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**वाराणसी.** वाराणसी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां करधना प्रतापपुर (मिर्जामुराद) गांव में मंगलवार की सुबह 6 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव मकान के दूसरे तल पर फंदे से लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय किरन की सास संगीता देवी सुबह 6 बजे चाय बनाने कमरे के बगल वाले कमरे गईं तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो अंदर फंदे से लटकता शव देख आवक रह गई। संगीता देवी के आवाज देने पर विवाहिता के ससुर गुलाब पटेल समेत आसपास के लोग छत पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा।विवाहिता का पति विकास पटेल अपने दोस्तों व भाई के साथ दर्शन करने मिर्जापुर स्थित अदलपुर गया हुआ था।

### महाकुंभ में हार्ट अटैक से संत की गई जान, 3000 से अधिक मरीज पहुंचे OPD

**प्रयागराज.** महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पर भीषण ठंड श्रद्धालुओं पर भारी पड़ी। सोमवार को कई सेक्टरों में 3000 से अधिक मरीज इलाज के लिए मेला क्षेत्र के केंद्रीय अस्पताल व अन्य अस्पताल में ओपीड पहुंचे। भीषण ठंड से सैकड़ों श्रद्धालु बीमार हो गए। मरीजों में 85 वर्षीय अर्जुन गिरि को हार्ट अटैक होने पर एसआरएन अस्पताल लाया गया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। एसआरएन अस्पताल के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह के अनुसार 108 एंबुलेंस से मरीज को शाम छह बजे ट्रामा सेंटर में लाया गया। लेकिन जांच से पता चला कि मरीज की मौत अस्पताल में आने से पहले हो गई थी। मौत के बाद शिष्य संत को एसआरएन में छोड़कर चले गए। स्वामी का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### यूपी में कर्ज में डूबे दंपति ने तीन बच्चों सहित खाया जहर, बेटे की मौत

**सहारनपुर.** यूपी के सहारनपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां कर्ज में डूबे दंपति ने सोमवार को तीन बच्चों सहित जहर खा लिया। देहरादून हाईवे पर परिवार के पांचों सदस्य राहगीरों को बेसुध हालत में पड़े मिले, जिसके बाद उन्हें सीएचसी हरोड़ा ले जाया गया, वहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से परिजन उन्हें दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां मासूम बेटे विवेक की मौत हो गई। थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के नंदी फिरोजपुर निवासी विकास (45), उसकी पत्नी रजनी (35)और बच्चों परी (06), पलक (03) और विवेक (डेढ़ वर्ष) देहरादून हाईवे पर बेसुध हालत में मिले। नजदीक में ही उनकी बाइक खड़ी थी। हाईवे से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने उनसे पूछताछ की तो दंपति ने बताया कि उन्होंने बच्चों सहित जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। बाइक सवारों ने वहां से गुजर रही कार को रुकवाकर दंपति और बच्चों को हरोड़ा सीएचसी भेजा।

# महाकुंभ का पहला अमृत स्नान, 2 करोड़ ने डुबकी लगाई






- हर-हर महादेव के नारे लगाता पहुंचा किन्नर अखाड़ा
- हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए

**प्रयागराज.** हाथों में तलवार-त्रिशूल और डमरू लिए संन्यासी। पूरे शरीर पर भभूत। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का उद्घोष। यह सीन है संगम के घाटों का, जहां महाकुंभ का पहला अमृत (शाही) स्नान मंगलवार सुबह 6.15 बजे से शुरू हुआ। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। हालात संभालने के लिए आर्मी को भी स्टैंड बाई पर रखा गया है। जूना अखाड़े समेत 7 संन्यासी अखाड़ों के संत स्नान कर चुके हैं। अब वैरागी अखाड़ों के संत संगम में स्नान करने के लिए निकले हैं। महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का इस्तेमाल किया गया। अखाड़ों ने नाम बदलने का प्रस्ताव दिया था। संगम जाने वाले सभी रास्तों में 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ है। स्नान के लिए सभी 13 अखाड़ों को अलग-अलग 30-40 मिनट का समय दिया गया है। दुनियाभर का मीडिया और 50 से ज्यादा देशों के श्रद्धालु संगम पर मौजूद हैं।

आपको बता दें कि अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के संतों एवं नागाओं के स्नान का समय तय है। सबसे पहले महानिर्वाणी एवं अटल अखाड़े के संतों ने स्नान किया। शिविर से इस अखाड़े के संतों ने सुबह करीब सवा पांच बजे प्रस्थान किया। संगम पर सवा छह बजे पहुंचे। करीब 40 मिनट तक अमृत स्नान किया। इनके बाद निरंजनी एवं आनंद अखाड़ा के संतों ने 7.05 बजे स्नान किया। इसी क्रम में जूना, आवाहन एवं पंच अग्नि अखाड़ा के संतों ने एक साथ सुबह आठ बजे स्नान किया।

अमृत स्नान को जाते समय नागा संन्यासियों की चरण रज लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात से ही अखाड़ा मार्ग पर डेरा डाल दिया। यहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कई दफा उनको हटाया लेकिन, कुछ देर बाद दोबारा श्रद्धालु वहां आ जाते। देर रात तक हजारों श्रद्धालु अखाड़ा मार्ग पर डेरा डाले दिखाई दिए। मध्य प्रदेश के निवाड़ी से आए राजकुमार, उनकी पत्नी उर्मिला समेत परिजनों का कहना है कई साल बाद यह मौका मिलता है। वह यह चरण रज लेकर अपने गांव जाएंगे।

### अखाड़ों के निकलने वाले रास्ते पर भारी पुलिस बल तैनात

मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को अखाड़ों का अमृत स्नान करीब साढ़े नौ घंटे तक चलेगा। शिविर से निकलने और वापस आने में 12 घंटे से भी अधिक समय लगेगा। अखड़ों के निकलने वाले रास्ते के दोनों तरफ भारी पुलिस बल तैनात है।

# राजनाथ बोले- PoK के बिना जम्मू-कश्मीर

**श्रीनगर.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने PoK यानी पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया है। उन्होंने कहा कि PoK के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। PoK और कुछ नहीं बल्कि पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन है और इस जमीन का इस्तेमाल वह आतंकवाद फैलाने के लिए कर रहा है। PoK में आतंकियों के लिए ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे इवेंट में कही।

> यह पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन, यहां आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे




उन्होंने कहा कि 1965 में अखनूर में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध लड़ा गया था। भारत ने पाकिस्तानी सेना के सभी प्रयासों को विफल कर दिया था। अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच जितने युद्ध हुए, उनमें भारत ने पाकिस्तान को हराया है। 1965 से ही पाकिस्तान ने भारत में अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया था।

राजनाथ ने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भी भारत में घुसने वाले 80% से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। 1965 में ही सीमापार आतंकवाद खत्म हो सकता था, लेकिन तब की लाल बहादुर शास्त्री की अगुआई वाली केंद्र सरकार युद्ध में प्राप्त सामरिक लाभ को रणनीतिक लाभ में बदलने में असमर्थ रही।

जम्मू-कश्मीर और बाकी देश के बीच की दूरी खत्म करना हमारी प्राथमिकता

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है

# संसदीय समिति META को मानहानि का नोटिस भेजेगी

- CEO जुकरबर्ग ने कहा था- कोविड के बाद मोदी सरकार हारी
- कमेटी बोली- उन्होंने गलत जानकारी फैलाई



**नई दिल्ली.** भारत की संसदीय समिति ने META को मानहानि का समन भेजेगी। यह समन META के CEO मार्क जुकरबर्ग के उस बयान को लेकर भेजा जाएगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड के बाद भारत में मोदी सरकार हार गई थी। भाजपा सांसद और कम्युनिकेशन-इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा कि META को गलत जानकारी फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था, 'भारत के चुनाव में 64 करोड़ लोग शामिल हुए थे। लोगों ने PM मोदी और NDA पर भरोसा किया। जुकरबर्ग को तथ्यों और विश्वसनीयता को कायम रखना चाहिए।'

**मार्क जुकरबर्ग ने कहा था... 2024 का साल दुनिया के लिए उथल-पुथल भरा रहा और कोविड के बाद हुए चुनाव में भारत समेत कई देशों की सरकारें गिर गईं।**

लोकसभा में गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, हमने तय किया है कि हम मेटा के लोगों को बुलाएंगे।जुकरबर्ग ने बयान देकर दिखाया है कि कोविड-19 के बाद सरकार के खिलाफ माहौल बनाया गया है, जिसमें उन्होंने भारत का भी जिक्र किया है। उनका यह बयान चिंताजनक है। इस तरह के बयान से पता चलता है कि वह देश के लोकतंत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं और दुनिया को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं कि भाजपा-एनडीए हार गई है।

# स्कूलों में बम की धमकियों का NGO और एक दल से लिंक: दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली.** दिल्ली में लगातार स्कूलों को मिल रही बम धमाकों की धमकियों के पीछे एक एनजीओ और राजनीतिक दल का लिंक सामने आया है। लंबी जांच पड़ताल के बाद पुलिस को यह सुराग मिला है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अभी उस एनजीओ और राजनीतिक दल का नाम नहीं बताया है। पिछले साल दिल्ली पुलिस इन धमकियों से हलकान रही। धमकी वाले इन ईमेल्स की वजह से जहां अभिभावक डर जाते थे तो स्कूलों में छुट्टियां करनी पड़ती थी।



स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर मधुप तिवारी ने अब तक की पड़ताल की जानकारी देते हुए एएनआई से कहा, 'स्कूलों को लगातार बम की धमकी वाले ईमेल भेजे जा रहे थे, इसकी शुरुआत 14 फरवरी को हुई थी। हमने गहनता से पड़ताल शुरू की। चूंकि वीपीएन आदि का इस्तेमाल किया जा रहा था, ईमेल के सोर्स का पता लगाना आसान नहीं था। लेकिन 8 जनवरी को हमें एक अहम जानकारी मिली जिसके बाद एक नाबालिग का पता लगाया। हमने पाया कि उसी ने ईमेल भेजे थे। अधिकारी ने बताया कि नाबालिग लड़की से पूछताछ और जांच के बाद उनकी जांच एक एनजीओ और राजनीतिक दल तक पहुंच गई है। स्पेशल सीपी ने कहा कि उन्हें राष्ट्रविरोधी ताकतों के शामिल होने की आशंका थी। जांच के दौरान जब आरोपी के परिवार के लोगों की पृष्ठभूमि की पड़ताल की तो पता चला कि उसके एक अभिभावक जिस संस्था से जुड़े हैं, उसके एक एनजीओ के डीप कनेक्शन हैं।

# LoC के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, 6 जवान घायल

**राजौरी.** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मंगलवार को LoC के पास लैंडमाइन ब्लास्ट में गोरखा राइफल्स के 6 जवान घायल हो गए। ब्लास्ट भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ।

हादसा सुबह 10:45 बजे हुआ। जब जवानों की एक टुकड़ी खंबा किले के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। तभी एक जवान का पैर गलती से सेना की बिछाई लैंड माइन पर पड़ गया था। सभी घायलों को इलाज के लिए 150 जनरल अस्पताल (GH) राजौरी ले जाया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जवानों को मामूली चोटें आई हैं। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, LoC के पास घुसपैठ रोकने के लिए ये लैंडमाइन बिछाई गई थीं।

# यूपी में घना कोहरा, 67 ट्रेनें 10 घंटे तक लेट

**शिमला में 2 दिन में पारा 113 गिरा; बिहार-राजस्थान में स्कूलों की छुट्टी**

**नई दिल्ली.** देश के उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में पारा लगातार गिर रहा है। इसके साथ ही घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। यूपी के 64 जिलों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर तक गिर गई। इससे 67 ट्रेनें 10 घंटे देरी से पहुंचीं। महोबा में ठंड के कारण एक युवक की मौत हो गई।



दिल्ली में भी कई ट्रेन और कुछ फ्लाइट विजिबिलिटी घटने के कारण लेट हुईं। तमिलनाडु में चेन्नई एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर नहीं उड़ सकीं।

हिमाचल में बर्फबारी के कारण कई शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शिमला का अधिकतम तापमान पिछले 48 घंटों में 11.4 डिग्री गिरकर 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

बिहार के पटना समेत 4 जिलों और राजस्थान के जयपुर समेत 19 जिलों में आठवीं क्लास तक की छुट्टी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अरुणाचल, असम, मेघालय, नगालैंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी में बारिश का अनुमान जताया है।

# 'नीतीश के लिए दरवाजे खुले हैं, राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं'

- मीसा भारती का बड़ा बयान

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी एवं सांसद मीसा भारती ने बड़ा बयान दिया है। नीतीश की महागठबंधन में वापसी के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है, मकर संक्रांति यानी खरमास के बाद ही शुभ कार्य शुरू होते हैं। उन्होंने नीतीश के लिए हमेशा राबड़ी आवास के दरवाजे खुले होने की बात भी कही। मीसा भारती के इस बयान पर सियासी गलियारे में फिर से चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पूर्व में कह चुके हैं कि नीतीश कुमार से हाथ मिलाना अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा।

आरजेडी सांसद मीसा भारती मंगलवार को पटना स्थित राबड़ी आवास में मकर संक्रांति पर आयोजित दही-चूड़ा भोज में शामिल होने पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि बिहार में सियासत के पलटने की चर्चाएं चल रही हैं, इस पर उनका क्या कहना है? मीसा ने कहा, "काफी दिनों से इस बात की चर्चा हो रही है। पहले भी मकर संक्रांति के बाद सियासी उलटफेर हो चुका है। लेकिन, मुझे ऐसा नहीं लग रहा है।"



मीसा भारती ने आगे कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। हालांकि, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। आगे विधानसभा का चुनाव आ रहा है। खरमास के बाद ही शुभ कार्य शुरू होते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राबड़ी आवास पर आयोजित दही-चूड़ा भोज में शामिल नहीं होने पर उन्होंने कहा कि सीएम हमारे गार्जियन हैं। उनके लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं।नीतीश जब भी आना चाहें उनका स्वागत है।

दूसरी ओर, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने पिछले दिनों जेडीयू से गठबंधन की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के लिए महागठबंधन के दरवाजे बंद हो चुके हैं। उनसे हाथ मिलाना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में हार के बाद BCCI सख्त




- क्रिकेटर्स टीम के साथ बस से ही सफर करेंगे
- फैमिली सिर्फ दो हफ्ते साथ रह सकेगी

टीम इंडिया अब विदेशी दौरे पर गई तो वहां बस से ही सफर करेगी। 45 या इससे ज्यादा दिन का टूर हुआ तो परिवार और पत्नियां सिर्फ 14 दिन ही साथ रह पाएंगे, पूरे टूर के दौरान नहीं।

ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार के बाद BCCI ने ये नए नियम लागू किए हैं। इसका मकसद टीम के बीच बॉन्डिंग को बढ़ाना और खेल पर फोकस करना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) के दौरान BCCI ने इन नियमों को लागू करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कई सीनियर प्लेयर्स अपनी गाड़ी से सफर करते नजर आए थे और पूरे टूर पर विराट कोहली और केएल राहुल जैसे प्लेयर्स की फैमिली साथ थी।

### टीम इंडिया के लिए नए बदलाव

BCCI ऑफिस के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि बोर्ड ने कोविड-19 के दौरान खत्म किए गए नियमों को फिर से लागू किया है। पूरे टूर के दौरान परिवार और पत्नियां खिलाड़ियों के साथ सफर नहीं कर सकेंगी। खासतौर पर विदेशी दौरों पर ये नियम ज्यादा काम करेगा ताकि खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस पर असर न पड़े। 45 दिन से कम के टूर के लिए परिवार और पत्नियां 7 दिन साथ रह सकेंगी।

टीम की एकता को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्लेयर को अपनी गाड़ी से सफर करने की इजाजत नहीं दी जाएगी, चाहे वो कितना भी बड़ा खिलाड़ी क्यों न हो।

# आपातकाल में जो जेल गए, पाएंगे 20 हजार पेंशन और फ्री

- ओडिशा में भाजपा सरकार का बड़ा ऐलान

**भुवनेश्वर.** ओडिशा की भाजपा सरकार ने बड़ा ऐलान किया है कि आपातकाल के दौरान राज्य के जो लोग जेल गए, उन्हें हर महीने 20 हजार रुपए और मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी। सोमवार को राज्य गृह विभाग ने मामले में अधिसूचना जारी की। सरकार ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस की यातनाएं झेलने वाले ओडिशावासियों को सरकार पेंशन के साथ इलाज का खर्चा भी देगी।

इससे पहले 2 जनवरी को ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, भारत रक्षा नियम या रक्षा और भारत की आंतरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकाल के दौरान गिरफ्तार और जेल में बंद लोगों के लिए मासिक पेंशन के प्रावधान की घोषणा की थी। आपातकाल के दौरान जेल गए सभी लोगों को पेंशन के साथ-साथ उनका इलाज का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। इसमें कहा गया है कि 1 जनवरी 2025 तक जीवित सभी लोगों को पेंशन और चिकित्सा सुविधाएं दी जाएंगी।



बता दें कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच आपातकाल का विरोध करने पर सैकड़ों लोगों को देश भर की विभिन्न जेलों में कैद कर दिया गया। ओडिशा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, "आपातकाल के दौरान जेल में कितने दिन बिताए, इसकी परवाह किए बगैर राज्य सरकार ने ऐलान किया है कि जीवित व्यक्तियों (जो 1 जनवरी, 2025 तक जीवित हैं) को पेंशन स्वीकृत की जाएगी।" इसमें कहा गया है कि वे पेंशन के साथ मुफ्त चिकित्सा उपचार का भी लाभ उठा सकते हैं।

हाल ही में ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में राज्य सरकार ने 18वें भारतीय प्रवासी सम्मेलन की मेजबानी की थी। तीन दिनों तक चले सम्मेलन में दुनियाभर से एनआरआई ने भारत पहुंचकर कार्यक्रम में शिरकत की। पीएम मोदी ने इस दौरान प्रवासियों के लिए स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, जो कम आय वाले प्रवासियों को मुफ्त में भारत भ्रमण कराएगी।

# पति की गर्दन काट नदी किनारे फेंक आई पत्नी

**अलवर.** राजस्थान के अलवर में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने अवैध संबंध में बाधा बन रहे पति की गर्दन काटकर हत्या कर दी। थानागाजी थाना क्षेत्र में 9 जनवरी को मरे मिले शख्स की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का कहना है कि उसे अब किसी और से प्यार हो गया था, इसलिए पति की हत्या कर दी।

थानागाजी इलाके में 9 जनवरी को नदी किनारे सुबह 7 बजे गर्दन कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे को खंगाले गए पुलिस ने एक्सपर्ट टीम का सहारा लिया गया। इसके बाद मृतक की शिनाख्त रामपाल मीणा निवासी महुआ कला थाना मालाखेड़ा के रूप में हुई।




पुलिस को संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी छोटी को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में पत्नी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि प्रेम संबंध में आड़े आने की वजह से उसने पति को मार डाला। छोटी ने बताया कि उसका पति ड्राइवर था, जो शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था।

आरोपी छोटी ने कहा कि वह मजदूरी करती थी, उसी दौरान वह सुभाष नाम के शख्स से प्यार करने लगी। इसका पता पति को लग गया तो वह प्रेम संबंध में बाधा बनने लगा। वह उसे प्रेमी के साथ रहना चाहती थी। इस वजह से वह लंबे समय से पति को मारना चाहती थी। पत्नी ने प्रेमी सुभाष के साथ मिलकर चाकू से गर्दन काट कर शव को नदी के पास डाल दिया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### आम सूचना

मैं श्रीमती पुष्पा मुरलीधर भानसे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, चर्च के पास, सुभाष नगर, पोर्शन ए, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27बीओ004911100) उक्त प्रॉपर्टी श्री सी.के. भास्करन के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती पुष्पा मुरलीधर भानसे

### आम सूचना

मैं श्रीमती सीमा राजू मेठवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि पोर्शन ऑफ रुम नं. 17, बैरक नं. 1093, ओटी सेक्शन, कृष्णा पैलेस के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 38बीओ007137200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती धनी चूहरमल मेठवानी ने गिफ्ट डीड दि. 13.1.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती सीमा राजू मेठवानी

### आम सूचना

हम श्री निर्मल रामचंद वध्या व श्री रोहित रामचंद वध्या सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 1, भारत काम्पलेक्स, टीयर गडर, रुम नं. 1, बैरक नं. 250, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 17एआय020449700) उक्त प्रॉपर्टी श्री भजन पी. वरलियानी, कमलेश टी. वरलियानी एचयूएफ व श्री हरेश के. वरलियानी के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 6.1.2025 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री निर्मल रामचंद वध्या व
श्री रोहित रामचंद वध्या

## संक्षेप...

### वाशी में भीषण सड़क हादसा; दो लड़कियों की मौत

**नवी मुंबई.** वाशी में भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो लड़कियों की जान चली गई। यह सड़क हादसा जिस सीसीटीवी में कैद हुआ उसका वीडियो सामने आया है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक कार कैसे लड़कियों को टक्कर मारती हुई निकल जाती है। हादसा कितना खतरनाक था कि इसका अंदाजा कार की टक्कर को देखकर लगाया जा सकता है।

नवी मुंबई वाशी के कोपरी सिग्नल के पास अचानक यह हादसा हुआ। दरअसल, एक कार ने स्कूटी से जा रही दो लड़कियों को टक्कर मार दी थी। जिसके बाद एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक, दूसरी लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी भी मौत हो गई। मरने वाली लड़कियों की उम्र 22 और 19 साल थी। 22 साल की संस्कृति खोखले कामोठे में रहती थी, तो 19 साल की अंजलि पांडे का घर कोपरखैरणे में है।

एक सीसीटीवी का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले कुछ देर तक बसें और कारें सड़क से गुजर रही हैं। सड़क की दूसरी लेन में एक तेज रफ्तार कार आती दिख रही है, जिसके सामने से स्कूटी सवार लड़कियां भी आ रही हैं। इसी दौरान कार स्कूटी को इतनी जोर से टक्कर मारती हुई निकल जाती है।

# शरद पवार बोले- शाह पद की गरिमा कायम रखें

■ **गृह मंत्री ने कहा था- पवार की विश्वासघात की राजनीति भाजपा ने 20 फीट जमीन में दफना दी**




**मुंबई.** शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी है। दरअसल, 12 जनवरी को अमित शाह ने शिरडी में भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में पवार के द्वारा शुरू की गई विश्वासघात की राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है। पवार ने मंगलवार को मुंबई में कहा- इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी अपने राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को 2 साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।

**पवार बोले- विपक्षी होने के बावजूद वाजपेयी ने मुझे आपदा प्रबंधन अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया**

**शरद पवार ने कहा कि 1978 में मैं CM था। तब राजनीति में पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी। उस समय जन संघ के उत्तम राव पाटिल जैसे लोग भी मेरी मिनिस्ट्री में थे। इसके बाद जब वाजपेयी PM बने थे, तो उन्होंने मुझे आपदा मैनेजमेंट अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया था। मेरे विपक्ष में होने के बावजूद उन्होंने मुझे जिम्मेदारी दी थी**

INDIA गठबंधन में फूट की चर्चा पर पवार ने कहा- INDIA गठबंधन में कभी भी स्टेट और लोकल चुनावों को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। यह गठबंधन केवल नेशनल लेवल यानी लोकसभा चुनाव के लिए है।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर के CM उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद INDIA गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। इसे खत्म कर देना चाहिए। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने अब्दुल्ला के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बताया था।

# 2 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



■ **5 वाहन बरामद**

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर कड़ी तहकीकात के बाद निजामपुरा पुलिस ने 2 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 4 मोटरसाइकिल और 1 ऑटोरिक्शा सहित कुल 5 वाहन बरामद करने में कामयाबी हासिल की है. उक्त जानकारी निजामपुरा पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय जाधव ने मीडिया कर्मियों को दी.बाइक चोरी में लिप्त फैजान रमजान अंसारी (19) और समीर जमशेद अंसारी (20) निजामपुरा के रहने वाले हैं.पुलिस वरिष्ठ निरीक्षक जाधव ने बताया कि,शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश के लिए निजामपुरा पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी.इसी दौरान फैजान और समीर को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा गया.पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो वे सही जवाब देने में असफल रहे.पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की, जिसमें उन्होंने 4 मोटरसाइकिल और 1 ऑटो रिक्शा चोरी करने की बात कबूल की. पुलिस निरीक्षक संजय जाधव और गजानन जोगदंड के मार्गदर्शन में हुई कार्यवाही में सहायक पुलिस निरीक्षक विनोद चव्हाण, पुलिस उपनिरीक्षक दत्तात्रेय बडगिरे, राजेंद्र आल्हाट, हवलदार मारुति भारती, पुलिस नाइक प्रवीण सोनवणे, विकास सोनवणे और पुलिस सिपाही रुपेश साबले, ज्ञानेश्वर कोली, शनीप्रसाद मुंडे और अनिल सापते शामिल थे.

# कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री का वितरण



**ठाणे.** परोपकार महिला समिति की ओर से आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शहर स्थित गांधी नगर में कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।यह सांसद नरेश म्हस्के के मार्गदर्शन में 200 किट का वितरण आशुतोष नरेश म्हस्के के हाथों से किया गया।आशुतोष ने परोपकार संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह लोग हर महीने अन्न वितरण जरूरतमंद लोगों के लिए करते हैं।उन्होंने कहा कि इनकी संस्था के साथ सांसद नरेश म्हस्के और हम शिवसैनिक किसी भी जरूरत के लिए सहयोग करेंगे।इस अवसर पर संजय चूड़ीवाला,ओमप्रकाश झाझुका, कैलाश झुनझुनवाला,राजीव अग्रवाल, चंद्रकांत सराफ,नीरज मोदी,प्रदीप गोयनका, मनोज झाझुका, जितेंद्र खेतान,कीर्ती वासा आदि मौजूद थे।

# भिवंडी में चाइनीज मांझे से युवक घायल



**भिवंडी.** स्व. बालासाहेब ठाकरे फ्लाईओवर पर पतंग के मांझे से हादसा घटित हुआ है.बाइक सवार मसूद खान के चाइनीज मांझा गले में लिपटने से 24 वर्षीय मसूद खान गंभीर रूप से घायल हो गए.मसूद खान काम से लौटते समय अपनी बाइक से फ्लायओवर पार कर रहे थे, तभी पतंग का मांझा गले में फंस गया. मांजे की वजह से उनका गला कट गया और वह सड़क पर गिर गए. मौके पर मौजूद नागरिकों ने तुरंत उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया. इलाज के लिए ठाणे के ज्यूपिटर अस्पताल में भेजा गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है.

आश्चर्यजनक है कि,शासन से प्रतिबंधित होने के बाद भी भिवंडी के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे की बिक्री खुलेआम हो रही है.मनपा पर्यावरण विभाग के कड़क एक्शन के बाद भी घटना होना मनपा की लापरवाही दर्शाता है.

# मुंबई पुलिस ने नकली नोट छापने और बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने नकली नोट छापने और बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से 500 और 200 रुपये के नकली नोट भी बरामद किए हैं। भायखला थाने में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चिमाजी अधव ने आईएएनएस को बताया, ₹हमारी टीम को गत 9 जनवरी को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोटों की डिलीवरी करने के लिए आने वाले हैं।इसके बाद पुलिस टीम द्वारा उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया।तीन लोगों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 16 जनवरी तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने पालघर में एक घर बनाया है, जहां वे पेंटिंग का काम करते थे। पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान नोट बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान जब्त किया है। इसमें लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन और आरबीआई लिखा स्टीकर समेत अन्य सामग्री जब्त की गई है। वे लोग इनका इस्तेमाल नकली नोट बनाने के लिए करते थे। चिमाजी अधव ने बताया कि आरोपियों ने नकली नोट छापने के बाद इन नोटों को बाजार में भी पहुंचाया। वे कुछ और रुपये को मार्केट में चलाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## 70 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** साकीनाका पुलिस ने चिटफंड घोटाले में दो भाइयों से करीब 70 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों की पहचान उमर सैय्यद और उसके दो बेटों तुफेल सैय्यद और दानिश सैय्यद के रूप में हुई है। मामला 7 जनवरी को दर्ज किया गया था। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, साकीनाका के चंदीवली निवासी 61 वर्षीय नरिंदरसिंह कोहली वित्तीय परामर्श व्यवसाय चलाते हैं। कुछ साल पहले, उन्होंने प्रॉपर्टी एजेंट उमर सैय्यद की सहायता से पवई में एक होटल की जगह किराए पर ली थी। उमर के अक्सर होटल में आने से दोनों की जान-पहचान हुई। हालांकि, कोहली को कोविड-19 महामारी के दौरान होटल बंद करना पड़ा। जनवरी 2023 में, उमर ने कोहली से संपर्क किया और गारंटीड रिटर्न वाली एक निवेश योजना का प्रस्ताव रखा। उमर ने बताया कि उसने 20 सदस्यों के साथ एक चिटफंड (जिसे भिसी कहा जाता है) शुरू किया था और कोहली को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ का वादा करते हुए इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था।

**ठाणे महानगर पालिका के महिला बाल कल्याण विभाग की**

# कल्याणकारी योजनाओं के लिए राशनकार्ड को मिली अनुमति



**ठाणे.** मनपा के महिला व बाल कल्याण विभाग की ओर से मनपा क्षेत्र के अंतर्गत गोर गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के तमाम योजना है।जिसमें कुछ योजना के लिए आय प्रमाण पत्र अनिवार्य था।लेकिन सांसद नरेश म्हस्के ने मनपा आयुक्त सौरभ राव से इस शर्त को रद्द कर आय प्रमाण पत्र की जगह राशन कार्ड स्वीकार करने का अनुरोध किया।सांसद म्हस्के के इस अनुरोध को मनपा आयुक्त राव ने स्वीकृति दे दिया।अब मनपा के तमाम योजनाओं का अधिक लाभ लाभार्थियों को मिलेगा।इस अहम विषय को लेकर सांसद नरेश म्हस्के ने आज मनपा आयुक्त सौरभ राव से मुलाकात कर चर्चा की।इस अवसर पर पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और पूर्व स्थायी समिति सभापति राम रेपाले उपस्थित थे।मनपा महिला बाल कल्याण विभाग की ओर से मनपा क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए लागू की गई तमाम योजनाओं के लिए आय प्रमाण निर्धारित किया गया था।मनपा के इस शर्त के कारण बहुत महिलाएं इन योजनाओं से वंचित रह जाती थी।सांसद नरेश म्हस्के ने 8 जनवरी को आयुक्त सौरभ राव को लिखित पत्र दिया था।इस विषय पर आयुक्त राव ने संबंधित विभाग को राशन कार्ड स्वीकृत करने का आदेश दिया है।सांसद नरेश म्हस्के ने अब शहर की महिलाओं से योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवाहन किया है।

## फर्जी अकाउंट बनाकर बदनाम करने के 2 मामलों में कार्रवाई

**भिवंडी.** फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर बदनामी करने के 2 मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है.एक मामले में पति ने अपनी पत्नी को बदनाम किया, तो दूसरे में एक युवक ने 18 वर्षीय युवती का फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील वीडियो वायरल किए. शांतीनगर क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय युवती की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है.आरोप है कि,पीड़िता का चेहरा इस्तेमाल कर पिरानी पाड़ा निवासी तालिब अंसारी ने अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया एवं इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर युवती की सहेलियों को धमकी भरे संदेश भेजे. शिकायत पर शांतीनगर पुलिस स्टेशन में तालिब अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

दूसरे मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन क्षेत्र पद्मानगर निवासी 33 वर्षीय महिला ने अपने पति नितिन पांडु बोदुला के खिलाफ आरोप लगाया कि पति ने कोर्ट में पारिवारिक हिंसा के मामले की सुनवाई के दौरान उसके चरित्र पर सवाल उठाए और अनैतिक संबंधों का झूठा आरोप लगाया. महिला का फोटो इस्तेमाल कर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उसकी सहेलियों को आपत्तिजनक संदेश भेज कर बदनामी की. पुलिस ने नितिन पांडु बोदुला के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं.

## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Portion of Room No. 1, of Brk. No. 232-A bearing Portion of C.T.S. No. 4997 Ulhasnagar-1 , dist. Thane area adm. 420 Sq Ft., equivalent to 46.6 Sq. Yards duly fitted with electric connection and water connection assessed under Municipal Ward No. 16, Property No. 16AI018458600 from SMT. ANJU G. BADLANI.

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 / 942266740

**सोनारा नवजवान मंडल द्वारा रोटरी क्लब के सहयोग से**

# नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन




**उल्हासनगर.** सोनारा नवजवान मंडल पंचायत द्वारा रोटरी क्लब उल्हासनगर के सहयोग से मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आम जनता के लिए नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन उल्हासनगर एक स्थित सोनारा समाज हॉल में किया गया.

नि:शुल्क इस मेडिकल कैंप में डॉ. राजू उत्तमानी (सीनियर सर्जन, यूरोलॉजिस्ट), डॉ ललित चांदवानी (MD हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ पराग वाणी (डेंटिस्ट), डॉ नितिन सचदेव (आई सर्जन), सर्वानंद हॉस्पिटल से Optho टीम, श्री पैथोलॉजी टीम, डॉ.लॉल्स पैथोलॉजी टीम, रेडिफ पैथोलॉजी लैब टीम BMI (वनिता थारवानी) ने अपनी सेवाएं दी. इस कैंप का लगभग 145 नागरिकों ने मेडिकल चेकअप कराकर इन डॉक्टर्स से मुफ्त परामर्श लिया और लैब की मुफ्त सेवाएं प्राप्त की. सोनारा नवजवान मंडल पंचायत के अध्यक्ष अनिल कटेजा और संस्था के सभी पदाधिकारियों ने आए हुए सभी डॉक्टर्स और मेडिकल टीम का धन्यवाद किया,

इस मेडिकल टीम में SNMPU संस्था के पैट्रान चिमनदास रुपानी, चेयरमैन अशोक वलेचा, अध्यक्ष अनिल कटेजा, सचिव दिलीप सैसवानी, उपाध्यक्ष जयदेव रुपानी, सहसचिव त्रिलोक सभागचंदानी, कैशियर प्रकाश लालचंदानी, स्टोर कीपर घनश्यामदास वलेचा, लाइब्रेरियन दिनेश पाहुजा, कमेटी मेंबर सुनील वलेचा, जेठो टहिलरमानी, सुशील रिझवानी, कशिश वलेछा उपस्थित थे.

## घर खरीदने वाली महिलाओं को 2 लाख तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी

**मुंबई.** घर खरीदने वाली महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी. रियल एस्टेट कंपनियों के निकाय कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया-महाराष्ट्र चैंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री ने ये फैसला लिया है. 2 लाख रुपये की ये छूट 17 से 19 जनवरी को होने वाले एक्सपो में बिल्डर्स की ओर से दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के अलावा होगी.

कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया-महाराष्ट्र चैंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री के सचिव धवल अजमेरा ने कहा कि प्रदर्शनी में घर खरीदने वालों को विशेष लाभ भी मिलेंगे. इसमें स्टाम्प ड्यूटी और GST समेत कुल 18 लाख रुपये तक की छूट शामिल है.

रिपोर्ट के अनुसार, कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया-महाराष्ट्र चैंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 32वीं प्रॉपर्टी और हाउसिंग फाइनेंस एग्जीबिशन आयोजित कर रहा है. इसमें प्रदर्शनी में 100 से अधिक डेवलपर्स शामिल होंगे, जो करीब 500 से ज्यादा प्रोजेक्ट की पेशकश करेंगे. पहली बार, 19 जनवरी को प्रदर्शनी में 'पिंक संडे' का आयोजन किया जाएगा. ये महिलाओं को अपने नाम पर घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने की एक पहल है.









# स्टार किड्स से राशा थदानी की तुलना



रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म आजाद से अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उन्हें अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर और सॉन्ग उई उम्मा में राशा को पसंद किया गया। सोशल मीडिया पर उनकी तुलना स्टार किड्स सुहाना खान, जाह्नवी और खुशी कपूर से होने लगी। अब तुलना पर राशा ने अपनी बात रखी है। साथ ही ये भी कहा कि जिनसे भी उनकी तुलना हो रही है वो उनसे ज्यादा अनुभवी हैं और वो उनसे ही सीख ले रही हैं।

राशा थडानी इन दिनों अपनी फिल्म आजाद का प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने जब फिल्मीज्ञान से बात करते हुए दूसरे स्टार किड्स सुहाना खान, जाह्नवी, खुशी कपूर से अपनी तुलना पर अपनी बात रखी। राशा ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे सभी मुझसे ज्यादा अनुभवी हैं। उन्होंने मुझसे ज्यादा काम किया है। उन्होंने पहले ही फिल्में की हैं और उनकी रिलीज़ हो चुकी हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि मुझे उनसे कुछ सीखने को मिल सकता है। उनके पास ज्यादा अनुभव है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह कुछ ऐसा है जैसा कहा जा रहा है।'

राशा थडानी को अपनी पढ़ाई के दौरान ही उनकी पहली फिल्म आजाद मिल गई। एक वीडियो सामने आया था जिसमें उन्हें मेकअप रूम में पढ़ते देखा गया था। अब राशा फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अपने डांस मूव्स से वो पहले ही लोगों को इम्प्रेस कर चुकी हैं, अब उनकी एक्टिंग देखने का इंतजार हो रहा है।

राशा, अजय देवगन के भांजे अमन के साथ अभिषेक कपूर के डायरेक्शन में बनी फिल्म आजाद से डेब्यू क्र रही हैं। हाल में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था जिसे पसंद किया गया। आजाद एक घोड़े पर बेस्ड कहानी है जिसका अपना एक इमोशनल टच है। ये फिल्म 17 जनवरी को रिलीज़ हो रही है।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099